भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

मौखिक प्रश्न सं. +*460

सोमवार, 4 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**विश्वभर से आने वाले यात्रियों हेतु धरोहर सर्किट**

**+*460. श्रीमती हेमामालिनीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में विश्वभर से आने वाले यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए धरोहर सर्किट में घटकों के परिरक्षण, अनुरक्षण एवं उनकी बेहतर व्याख्या हेतु अनेक योजनाएं आरंभ की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्य स्थलों की ओर विश्वभर से और अधिक यात्रियों को आकर्षित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

विश्वभर से आने वाले यात्रियों हेतु धरोहर सर्किट के संबंध में दिनांक 04.04.2022 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. +*460 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' तथा 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' नामक 2 फ्लैगशिप योजनाएं शुरू की हैं ।

स्वदेश दर्शन योजना का लक्ष्य थीमेटिक परिपथों का विकास करना है और इस योजना के विरासत थीम के तहत 10 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है । मंत्रालय ने पर्यटन एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के लिए अब स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है ।

पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना का लक्ष्य अभिज्ञात तीर्थस्थलों एवं विरासत गंतव्यों का एकीकृत विकास करना है । 'स्वदेश दर्शन' योजना की विरासत थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और 'प्रशाद' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

(ग) : पर्यटन मंत्रालय एक समग्र तरीके से देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के उद्देश्य से संभावित अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अनेक संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है। इसमें 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत मीडिया अभियान जारी करना शामिल है । सोशल मीडिया कार्यकलापों, वेबिनारों, संवर्धनात्मक आयोजनों में भागीदारी, वेबसाइट आदि के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किया जाता है । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय के विदेश स्थित भारतपर्यटन कार्यालय और विदेशों में स्थित भारतीय मिशन भी अधिकाधिक वैश्विक पर्यटकों को देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों की ओर आकर्षित करने के लिए विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप भी करते हैं ।

*****

अनुबंध

विश्वभर से आने वाले यात्रियों हेतु धरोहर सर्किट के संबंध में दिनांक 04.04.2022 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. +*460 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना की विरासत थीम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण और प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

**क. स्वदेश दर्शन की विरासत थीम**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | परिपथ का नाम और वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | **विरासत परिपथ** (2016-17) | अहमदाबाद - राजकोट-पोरबंदर-बारडोली- दांडी का विकास | 58.42 |
| 2. | मध्य प्रदेश | **विरासत परिपथ** (2016-17) | ग्वालियर - ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 3. | उत्तराखंड | **विरासत परिपथ** (2016-17) | कुमाऊँ क्षेत्र का विकास - कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा । | 76.32 |
| 4. | उत्तर प्रदेश | **विरासत परिपथ** (2016-17) | कालिंजर किले (बांदा) - मरहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीदस्थल (फतेहपुर) –महावर स्थल (घोसी) – शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.97 |
| 5. | असम | **विरासत परिपथ** (2016-17) | तेजपुर - माजुली -शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 6. | गुजरात | **विरासत परिपथ** (2016-17) | वडनगर – मोढेरा और पाटन का विकास । | 91.12 |
| 7. | पुडुचेरी | **विरासत परिपथ** (2017-18) | फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यनम का विकास | 54.91 |
| 8. | राजस्थान | **विरासत परिपथ** (2017-18) | राजसमंद (कुंभलगढ़ फोर्ट) - जयपुर (नाहरगढ़ किला) - अलवर (बालाकिला) -सवाईमाधोपुर (रणथंभौर किला और खंडार किला) - झालावाड़ (गागरोनफोर्ट) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) जैसलमेर (जैसलमेर किला) हनुमान गढ़ (कालीबंगन भटनेर किला और गोगामेढ़ी) जालौर (जालौर का किला) -उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र)-धौलपुर (बाग-ए-निलोफ़र और पुरानी छावनी) - नागौर (मीराबाई स्मारक) का विकास | 72.49 |
| 9. | तेलंगाना | **विरासत परिपथ** (2017-18) | विरासत परिपथ कुतुब शाही हेरिटेज पार्क-पैगाह मकबरे - हयात बख्शी मस्जिद -रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 |
| 10. | पंजाब | **विरासत परिपथ** (2018-19) | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फ़िरोज़पुर - अमृतसर - खटकरकलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 91.55 |

ख. प्रशाद योजना

(राशि करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना की सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत वर्ष | अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| चल रही परियोजनाओं की सूची | | | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1. | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | 2015-16 | 27.77 |
| | | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 3. | परशुराम कुंड, लोहित जिले का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| 3. | असम | 4. | गुवाहाटी में और आसपास कामाख्या मंदिर तथा तीर्थस्थलों का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| 4. | बिहार | 5. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 |
| | | 6. | पटना साहिब का विकास | 2015-16 | 41.54 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 7. | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगाँव, डोंगरगढ़, छतीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 |
| 6. | गुजरात | 8. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 |
| | | 9. | सोमनाथ में तीर्थयात्री सुविधाएं | 2016-17 | 45.36 |
| | | 10. | प्रशाद योजना के अंतर्गत सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| | | 11. | सोमनाथ गुजरात में क्यू मैनेजमेंट कॉम्प्लेक्स के साथ तीर्थयात्री प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 |
| 7. | हरियाणा | 12. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 |
| 8. | जम्मू एवं कश्मीर | 13. | हजरतबल में विकास | 2016-17 | 40.46 |
| 9. | झारखंड | 14. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 |
| 10. | केरल | 15. | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 2016-17 | 46.14 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 16. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 44.83 |
| | | 17. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| 12. | महाराष्ट्र | 18. | त्रियंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 37.81 |
| 13. | मेघालय | 19. | मेघालय में तीर्थयात्रा की सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| 14. | नागालैंड | **20.** | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| 15. | ओडिशा | 21. | मेगा परिपथ के तहत पुरी में श्री जगन्नाथ धाम देउली में प्राची नदी तट पर - रामचंडी - अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 |
| 16. | पंजाब | 22. | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 |
| | | 23. | प्रशाद योजना के तहत रोपड़, पंजाब में चमकौर | 2021-22 | 31.57 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | साहिब का विकास | | |
| 17. | **नागालैंड** | 24. | पुष्कर/अजमेर का समेकित विकास | 2015-16 | 32.64 |
| 18. | **सिक्किम** | 25. | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| 19. | **तमिलनाडु** | 26. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| | | 27. | वेल्लांकनी का विकास | 2016-17 | 4.86 |
| 20. | **तेलंगाना** | 28. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 |
| 21. | **त्रिपुरा** | 29. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.84 |
| 22. | **उत्तराखंड** | 30. | केदारनाथ का समेकित विकास | 2015-16 | 34.77 |
| | | 31. | प्रशाद योजना के अंतर्गत बद्रीनाथजी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 39.24 |
| | | 32. | प्रशाद योजना के अंतर्गत उत्तराखंड में गंगोत्री तथा यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के संवर्धन के लिए अवसंरचना का विकास | 2021-22 | 54.36 |
| 23. | **उत्तर प्रदेश** | 33. | मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में मथुरा - वृंदावन का विकास (चरण II) | 2014-15 | 14.93 |
| | | 34. | मथुरा जिले के वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| | | 35. | वाराणसी- चरण –I का विकास | 2015-16 | 20.40 |
| | | 36. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 10.72 |
| | | 37. | प्रशाद योजना - चरण II के अंतर्गत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 |
| | | 38. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 |
| 24. | **पश्चिम बंगाल** | 39. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 |

*****